# साथ शोध करेंगे सीआइएमपी व बीआरए बिहार वि.

जागरण संवाददाता, पटना : शैक्षिक सहयोग और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (सीआइएमपी) के बीच समझौता हुआ है। समझौतों के एमओयू पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, सीआइएमपी के निदेशक डा. राणा सिंह और सीआइएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सह सीईओ कुमोद कुमार ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्यमिता प्रोत्साहन, संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यशालाएं और संसाधन साझा करना है। साथ ही सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना, विचारों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और अनुसंधान कौशल को बढ़ाना है। दोनों संस्थान राष्ट्रीय हित और राज्य के हितों के विषय पर बुनियादी और व्यावहारिक अनुसंधान के लिए संयुक्त प्रस्तावों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



शैक्षणिक समझौता करते सीआइएमपी और बीआरए बिहार वि. के अधिकारी। सौ.: संस्थान

**सीआइएमपी के निदेशक डा. राणा सिंह व कुमोद कुमार और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किए हस्ताक्षर**

सीआइएमपी के निदेशक डा. राणा सिंह ने कहा एमओयू के माध्यम से सीआइएमपी और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक गतिशील तथा उपयुक्त वातावरण बनाने के लिए एक साथ आए हैं। सीईओ कुमोद कुमार ने कहा कि यह सहयोग संस्थागत सीमाओं से परे है और नवाचार और अन्वेषण की संस्कृति को बढ़ावा देना और स्टार्टअप के लिए छात्रों को प्रेरित करने, उनका उचित मार्गदर्शन करने तथा तकनीकी सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है। मौके पर एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय, कुलसचिव प्रो. संजय कुमार, प्रो. राजीव कुमार, डा. नवीन कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

Dainik Jagran ! Page.NO-08 ! Dated:10-03-2024

# बीआरए व सीआइएमपी के बीच हुआ एमओयू



**पटना.** शैक्षिक सहयोग और एकेडमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के बीच शनिवार को एमओयू किया गया. इस अवसर पर कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्यमिता प्रोत्साहन, संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यशाला और संसाधन साझा करना है. कुलपति प्रो राय ने कहा कि सीआइएमपी बीआइआइएफ के साथ समझौते से विश्वविद्यालय में एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जायेगा. इसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्टअप से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधाएं और सहयोग मिलेगा. डॉ राणा सिंह ने कहा इस एमओयू के माध्यम से सीआइएमपी और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक गतिशील तथा उपयुक्त वातावरण बनाने के लिए एक साथ आये हैं. मौके पर एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय, कुलसचिव प्रो संजय कुमार, प्रो राजीव कुमार, डॉ नवीन कुमार, राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे.

# बीआरए व सीआईएमपी के बीच दो एमओयू, शैक्षिक सहयोग बढ़ेगा



पटना| शैक्षिक सहयोग और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के बीच दो एमओयू समझौता हुआ। इस मौके पर कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्यमिता प्रोत्साहन, संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यशालाएं और संसाधन साझाकरण पर है। एमओयू का उद्देश्य सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना, विचारों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और अनुसंधान कौशल को बढ़ाना है। एमओयू के हिस्से के रूप में, दोनों संस्थान राष्ट्रीय हित और राज्य के हितों के विषयों पर बुनियादी और व्यावहारिक अनुसंधान के लिए संयुक्त प्रस्तावों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कुलपति प्रो राय ने कहा कि सीआईएमपी बीआईआईएफ के साथ समझौते से विश्वविद्यालय में सीआईएमपी के सहयोग से एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा जिससे विश्वविद्यालय छात्रों को स्टार्टअप से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधाएं और सहयोग मिलेगा। इसमें स्टार्टअप में नवाचार के प्रयोग के लिए उचित मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग तथा जरूरी प्रशिक्षण शामिल है।

Dainik Bhaskar ! Page.NO-09
Dated:10-03-2024

# बीआरए व सीआइएमपी के बीच हुआ एमओयू



**पटना.** शैक्षिक सहयोग और एकेडमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के बीच शनिवार को एमओयू किया गया. इस अवसर पर कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, उद्यमिता प्रोत्साहन, संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यशाला और संसाधन साझा करना है. कुलपति प्रो राय ने कहा -कि सीआइएमपी बीआइआइएफ के साथ समझौते से विश्वविद्यालय में एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जायेगा. इसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्टअप से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधाएं और सहयोग मिलेगा. डॉ राणा सिंह ने कहा इस एमओयू के माध्यम से सीआइएमपी और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक गतिशील तथा उपयुक्त वातावरण बनाने के लिए एक साथ आये हैं. मौके पर एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय, कुलसचिव प्रो संजय कुमार, प्रो राजीव कुमार, डॉ नवीन कुमार, राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे.

Prabhat Khabar ! Page.No-04
Dated:10-03-2024

# CIMP, BRABU sign pact for research and capacity bldg



TOI

Officials of CIMP and BRABU

**B K Mishra** | TNN

**Patna:** Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) on Saturday inked an MoU with B R A Bihar University (BRABU)-Muzaffarpur for undertaking collaborative studies and capacity building.

The MoU was signed by BRABU's vice-chancellor Dinesh Chandra Rai and CIMP director Rana Singh at Muzaffarpur in the presence of senior academics and officials of both institutions.

Speaking on the occasion, the vice-chancellor expressed his pleasure at this academic collaboration and said this partnership between BRABU and CIMP heralds new avenues for academic growth and innovation. "By synergising our efforts, we aim to provide our students and faculty with unparalleled opportunities for learning, research, and professional development," he said.

Echoing similar sentiments, the CIMP director emphasised the transformative potential of the collaboration and expressed the hope that both institutions would be benefited from this collaboration and would create a new milestone on the academic horizon of the state.

CIMP's administrative officer Kumod Kumar observed that the MoU will create a comprehensive scope of collaboration between both institutions in various areas, including programme launches, capacity building, academic and research collaboration.

Times of India
Page.NO-03
Dated:10-03-2024